पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.) 05/0084/09-11

इस अंक का मूल्य 2 रुपये



।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**आर्यवीर पं. हरिदेव आर्य स्मृति दिवस**

**शनिवार, 24 दिसम्बर 2011**
**सांय 5.00 से 7.30 बजे तक**
स्थान : आर्य समाज, सूर्य निकेतन, विकास मार्ग, दिल्ली-110092
आप सादर आमन्त्रित हैं

**डॉ. अनिल आर्य** संयोजक — **यशोवीर आर्य** मंत्री ट्रस्ट

वर्ष-28 अंक-14 पौष-2068 दयानन्दाब्द 188 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2011 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

E-mail : aryayouth@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# आर्य समाज एवं आर्ष गुरुकुल नोएडा का वार्षिकोत्सव शानदार सफलता से सम्पन्न

## गुरुकुल ही भारतीय संस्कृति की रक्षा करेंगे -शिक्षाविद् डॉ. अमिता चौहान का आह्वान







सभा को सम्बोधित करते डॉ. अनिल आर्य, मंच पर बायें से आचार्य नरेन्द्र मैत्रेय, डॉ. डी.के. गर्ग, माता सुषमा सिंगल, ब्रिगेडियर चितरंजन सावंत, डॉ. वीरपाल विद्यालंकार, श्री सुधीर सिंगल, श्री एच.एल. कोहली, स्वामी विश्वानन्द जी, श्री धर्मपाल आर्य, द्वितीय चित्र में मुख्य अतिथि डॉ. अमिता चौहान का स्वागत करते प्रवीन आर्य, आनन्द चौहान, डॉ. अनिल आर्य व सन्तोष शास्त्री।

रविवार, 11 दिसम्बर 2011, आर्य समाज एवं आर्ष गुरुकुल नोएडा का वार्षिकोत्सव दिनांक 8 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2011 तक शानदार सफलता के साथ मनाया गया। आचार्य डॉ. महावीर अग्रवाल की वेद कथा व पं. भानुप्रकाश शास्त्री के मधुर भजन हुए।

समारोह की मुख्य अतिथि ऐमिटी इन्टरनेशनल स्कूल्स की चेयरपरसन डॉ. अमिता चौहान ने कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में गुरुकुल ही भारतीय संस्कृति की रक्षा करेंगे तथा गुरुकुल के ब्रह्मचारी ही इस देश को सम्भालेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि संस्कृत की शिक्षा के साथ-साथ उन्हें कम्प्यूटर व अंग्रेजी की भी पूरी शिक्षा दी जाये जिससे वह प्रगति की राह में आगे बढ़ते जायें। श्री आनन्द चौहान ने विश्वास दिलाया कि आर्य समाज के प्रचार प्रसार में ऐमिटी संस्थान सक्रिय योगदान देता रहेगा।

विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य ने कहा आज समय की मांग है कि हिन्दू समाज सभी मतभेद भुलाकर संगठित हो तभी उसका अस्तित्व सुरक्षित रह सकता है। आचार्य नरेन्द्र मैत्रेय ने कहा कि वेदों की शिक्षा पर चलकर ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। डॉ. शशिप्रभा कुमार, श्रीमती गायत्री मीना, डॉ. वीरपाल विद्यालंकार, डॉ. डी.के. गर्ग, बिग्रेडियर चितरंजन सावंत, स्वामी विश्वानन्द सरस्वती के भी उद्बोधन हुए। समारोह की अध्यक्षता श्री सुधीर सिंगल ने व कुशल मंच संचालन डॉ. जयेन्द्र कुमार आचार्य ने किया। समाज के प्रधान कैप्टन अशोक गुलाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह को सफल बनाने में मंत्री विजेन्द्र कठपालिया, आनन्द प्रिय बक्शी, रविशंकर अग्रवाल, रामेश्वर लाल लवानिया, माता लक्ष्मी सिन्हा, सतीश ग्रोवर, गायत्री मीना, कमलेश भाटिया, वृन्दा सग्गी, आदर्श विश्नोई, सावित्री चावला, वीरेन्द्र हुड्डा आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। ब्रह्मचारियों के भव्य व्यायाम शक्ति प्रदर्शन की सभी ने प्रशंसा की व ऋषि लंगर का आनन्द लेकर सभी विदा हुए।

# ईशान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैन्ट एण्ड टैक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा का 17 वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न





रविवार, 4 दिसम्बर 2011, ईशान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैन्ट एण्ड टैक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा का 17वां वार्षिक समारोह सौल्लास सम्पन्न हुआ। पुरस्कार वितरण करते परिषद् अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य, साथ में विशिष्ट अतिथि श्री एस.बी.जैन, डॉ. विजय सिंह चौहान व श्री राकेश कुमार। द्वितीय चित्र में दीप प्रज्जवलन का सुन्दर दृश्य अतिथिगण बायें से श्री एस.बी. जैन, मुख्यअतिथि श्री राकेश कुमार, डॉ. डी.के. गर्ग (चेयरमैन ईशान), श्री शांतुन सेन (ओ.एस.डी. गर्वनर, दिल्ली), व डा. अनिल आर्य।

समारोह से पूर्व सभी विद्यार्थियों ने आचार्य चैतन्य मुनि जी के ब्रह्मत्व में यज्ञ किया। स्वामी यज्ञमुनि जी ने आशीर्वाद दिया। आचार्य सतीश सत्यम् के मधुर भजन हुए। श्रीमती नीतु गर्ग, तुषार आर्य, अमन आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## गाजियाबाद में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

आर्य केन्द्रीय सभा, गाजियाबाद के तत्वाधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान शोभा यात्रा रविवार 25 दिसम्बर 2011 को प्रात: 10 बजे सन्यास आश्रम गाजियाबाद से आरम्भ होगी। डॉ. अनिल आर्य भी सम्बोधित करेंगे। **–प्रवीन आर्य, महामन्त्री**

## सोनीपत में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

आर्य केन्द्रीय प्रतिनिधि सभा, सोनीपत के तत्वाधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस शुक्रवार 23 दिसम्बर 2011 को प्रात: 11 से 2 बजे तक आर्य समाज, माडॅल टाऊन, सोनीपत में मनाया जायेगा। **– हरिचन्द स्नेही, महामन्त्री**

# जरदारी को हार्ट अटैक इस्तीफे या सेना द्वारा तख्ता पलट की अटकलें अस्वाभाविक नहीं

-अवधेश कुमार

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बीमारी ने अगर सेना द्वारा तख्ता पलट या उनके द्वारा इस्तीफा दिए जाने की अटकलों को परवान चढ़ाया तो उसमें आश्चर्य या अस्वाभाविक जैसा कुछ नहीं है। वह ऐसा देश है जहां राजनीतिक कारणों से सेना द्वारा नागरिक सरकार को पलटकर सत्ता हथियाने की लंबी परंपरा है। इसलिए जरदारी के हार्ट सर्जरी और चेहरे पर हलके लकवा लक्षण के दौर में ऐसी आशंका एकदम स्वाभाविक है। दुबई में उनके हार्ट के एंजियोप्लास्टी या सामान्य ऑपरेशन की बातें की गई हैं। सामान्यत: ऐसी स्थिति में किसी राष्ट्राध्यक्ष के इस्तीफे का प्रश्न नहीं उठना चाहिए। सरकार की ओर से जरदारी के इस्तीफे की खबरों को मीडिया की अटकले बताते हुए इसे लगातार खारिज भी किया गया। अमेरिका की ओर से भी अधिकृत बयान में कहा गया है कि सेना द्वारा सत्ता हथियाने की संभावना नहीं है। लेकिन अमेरिका की ही प्रसिद्ध पत्रिका फॉरेन पॉलिसी के ब्लॉग केबल में कहा गया है कि अमेरिकी सरकार का मानना है कि जरदारी जल्द सत्ता से बाहर हो सकते हैं। इसमें एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी का हवाला दिया गया है जो कहा रहा है कि फंदा कस रहा है। वैसे भी पाकिस्तान इस समय एक साथ जिन घरेलू और विदेशी संकटों में फंसा है तथा वहां की सरकार और स्वयं जरदारी जितने प्रकार के राजनीतिक, कानूनी व नैतिक दबावों से घिरे हैं उसमें उनके पद त्याग का कयास भी स्वाभाविक है।

ध्यान रखने की बात है कि जरदारी के बीमार पड़ने के पूर्व से ही दोनों प्रकार की अटकलें जोर पकड़ चुकी थीं। वास्तव में उनके दुबई में ऑपरेशन कराने से केवल उन अटकलों ने और ज्यादा बल पकड़ा। एबटाबाद में अमेरिकी सेना द्वारा हमला कर ओसामा बिन लादेन को मार गिराए जाने के बाद सेना एवं सरकार के बीच तनाव की खबरें आने लगीं। उस समय से वहां शर्मसार सेना द्वारा शासन पर कब्जा करने की अटकलें बल पकड़ने लगीं थीं। उसके बाद मेमोगेट कांड हुआ। मेमोगेट के कारण जरदारी यकीनन मानसिक दबाव में होंगे। पाकिस्तान मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी मंसूर इजाज ने 10 अक्टूबर को फाइनेंशियल टाइम्स में लिखे एक लेख में लिखा कि जरदारी ने अपने राजदूत के माध्यम से तत्कालीन अमेरिकी सेना प्रमुख एडमिरल माइक मुलेन को पत्र लिखकर सेना के तख्ता पलट रोकने का अनुरोध किया था। इसके एवज में जरदारी द्वारा आतंकवाद विरोधी युद्ध में अमेरिका की कई मांगे मानने तथा मुंबई हमले के आरोपियों को भारत को सौंपने का ऑफर दिए जाने की बात भी लेख में शामिल था। मुलेन के प्रवक्ता कैप्टन जॉन किर्बी ने इसकी पुष्टि की। हालांकि उनकी बातों से यह स्पष्ट नहीं होता कि वाकई जरदारी ने यह पत्र लिखवाया था या नहीं। किर्बी के अनुसार मुलेन का सेना प्रमुख जनरल अश्फाक कयानी और पाक सरकार के नेताओं से सीधा संबंध और संपर्क था, इसलिए इस पत्र को विश्वसनीय नहीं माना गया एवं न इस पर ध्यान दिया गया और न इस पर कोई कार्रवाई की गई। देश में इस कथित पत्र या मेमो को लेकर कितना बड़ा तूफान खड़ा हुआ यह पूरी दुनिया के सामने है। राजदूत को इस्तीफा देकर वापस बुलवाने के बावजूद सरकार को जांच का आदेश देना पड़ा, मामला न्यायालय में भी गया एवं राजदूत को जांच तक देश से बाहर जाने पर निरोध है। स्वयं जरदारी ने इस विषय पर संसद को संबोधित करने की घोषणा किया हुआ है।

चूकि किर्बी ने पत्र होने की पुष्टि कर दी है, इसलिए केवल एक बात का निर्णय होना शेष है कि इसे जरदारी ने लिखवाया या मजमून उनका था या किसी और का? लेकिन पत्र गया और यह किसी भी संप्रभु देश के लिए आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए दूसरे देश से अनुरोध अपमान की बात है। इससे जरदारी की छवि काफी कलंकित हुई है और उन्हें देश की प्रतिष्ठा गिराने वाला एक कमजोर व्यक्ति माना जा रहा है। उनके खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं। विपक्षी पार्टियों ने उन पर हमला बोला हुआ है। इसी बीच उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ द्वारा भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में माफी दिए जाने संबंध अध्यादेश को अवैधानिक करार दिया है। इसी अध्यादेश के बाद जरदारी, स्व. बेनजीर भुट्टो को मुकदमे से मुक्त किया गया था एवं वे वापस आए थे। अध्यादेश के समाप्त होने के बाद जरदारी ही नहीं, उनकी सरकार के कई मंत्रियों के खिलाफ मुकदमा चलाने का आधार बन रहा है। एक राष्ट्रपति के पद पर रहते मुकदमा कैसे चलेगा यह बहस भी पाकिस्तान में चल रही है। कुल मिलाकर इससे एक जटिल कानूनी स्थिति पैदा हो गई है। सेना के अंदर मेमोगेट कांड को लेकर जरदारी एवं पूरी सरकार के खिलाफ कितना गुस्सा होगा इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। 25 नवंबर को नाटो सेनाओं के हमले में 24 सैनिकों के मारे जाने के बाद सरकार के अमेरिका विरोधी कड़े रुख का कारण सेना का दबाव ही माना जा रहा है। इन सबसे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जरदारी अभी कितने मानसिक दबाव से गुजर रहे होंगे। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने तो एक बयान में कह दिया कि शासन में आने पर वे जरदारी को सूली पर चढ़ा देंगे।

वैसे भी जरदारी को दुर्घटनावश नेतृत्व मिला। यदि बेनजीर भुटो जीवित होतीं तो वे राजनीति में भी आते या नहीं कहना मुश्किल है। बेनजीर के शासन में मिस्टर टेन पर्सेंट के नाम से भ्रष्टाचारण की उपाधि उन्हें विरोधियों ने दी थी। राष्ट्रपति होते हुए भी उनका अतीत उनके आत्मबल को हमेशा कमजोर बनाए रखता होगा। यह नहीं भूलिए कि अक्टूबर 1999 में तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने श्रीलंका से पाकिस्तान वापसी के बीच में हवाई जहाज से आदेश देकर ही नवाज शरीफ का तख्ता पलट दिया था। हवाई जहाज

(शेष पृष्ठ 3 पर)


## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 33वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में
## युवा विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी महाराज के ब्रह्मत्व में
## आर्य नेता डॉ. अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता में

# 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ

**आशीर्वाद : स्वामी सुमेधानन्द जी, स्वामी दिव्यानन्द जी, स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी आर्यवेश जी**

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

**दिनांक : 27, 28, 29 जनवरी 2012 (शुक्रवार, शनिवार, रविवार)**

**स्थान : रामलीला मैदान, जी.टी.बी. एनक्लेव, दिलशाद गार्डन, पूर्वी दिल्ली**

**विराट् शोभायात्रा : शुक्रवार 27 जनवरी, 2012, प्रातः 10.00 बजे**

**शुभारम्भ : रामलीला मैदान, जी.टी.बी. एनक्लेव (निकट मेट्रो स्टेशन झिलमिल कालोनी) से प्रारम्भ होगी।**

## मुख्य आकर्षण

आर्य महिला सम्मेलन ● राष्ट्रीय कवि सम्मेलन ● शिक्षा-संस्कृति निर्माण सम्मेलन ● संगीत संध्या ● व्यायाम प्रदर्शन ● राष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन

**प्रातः से रात्रि निरन्तर तीनों दिन ऋषि लंगर की सुन्दर व्यवस्था**

1. बाहर से आने वाले आर्य बन्धु व आर्य युवक अपने पधारने की व संख्या के बारे में 31 दिसम्बर तक सूचित करने की कृपा करें जिससे भोजन व आवास आदि का उचित प्रबन्ध किया जा सके।
2. कृपया यजमान बनने के इच्छुक आर्य बन्धु, आर्य समाजें अपना यज्ञकुण्ड 31 दिसम्बर तक फोन न. 9899256058, 9810487559 पर आरक्षित करवा लें।

**अपील :** इस रचनात्मक विशाल कार्यक्रम में आपका तन, मन, धन से सहयोग अपेक्षित है। कृपया दानराशि क्रास चैक/ड्राफ्ट द्वारा 'केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली' के नाम से कार्यालय के पते पर भिजवायें। ऋषि-लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, घी, रिफाइंड, सब्जी आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें।


-: निवेदक :-

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत), नई दिल्ली

कार्यालय : आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-7


दूरभाष : 9810117464, 9013137070, 9868064422, 9810338600, ईमेल: aryayouth@gmail.com, visit us : www. aryayuvakparishad.com

## आर्य समाज विजय विहार व रोहिणी का उत्सव सम्पन्न



रविवार, 11 दिसम्बर 2011, आर्य समाज विजय विहार व रोहिणी, सैक्टर-3, 4, 5, 6 दिल्ली का उत्सव धूम धाम से सम्पन्न हुआ। चित्र में ब्रह्मा श्री शिवनारायण शास्त्री समाज के प्रधान श्री कृष्ण कुमार छाबड़ा को सम्मानित करते हुए। साथ में विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल आर्य, मंत्री सुदेश डोगरा व सन्तोष शास्त्री।

## मयूर विहार फेज-2 ने दिया भरपूर सहयोग का आश्वासन



रविवार, 4 दिसम्बर 2011, आर्य समाज, मयूर विहार फेज-2, दिल्ली के प्रधान श्री सी.एल. मोहन उद्बोधन देते हुए साथ में डॉ. अनिल आर्य। श्री मोहन ने आर्य महासम्मेलन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।

## आर्य समाज बिरला लाईन्स का उत्सव सम्पन्न



रविवार, 11 दिसम्बर 2011, आर्य समाज बिरला लाईन, दिल्ली का 82वां वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। डॉ. सूर्यनारायण नन्द ने यज्ञ करवाया व पं. योगेश दत्त आर्य के मधुर भजन हुए। चित्र में डॉ श्रीमती मंजु व डॉ रमाकांत गुप्ता मुख्य यज्ञमान यज्ञ करते हुए। योगेश आर्य-प्रधान व मंत्री नरेन्द्र आर्य ने आभार व्यक्त किया।

## गुरुकुल गौतम नगर का 78वां समारोह

सुप्रसिद्ध गुरुकुल गौतम नगर, नई दिल्ली का 78वां वार्षिक समारोह व चतुर्वेद ब्रह्मपारायण यज्ञ सोमवार 12 दिसम्बर 2011 से रविवार 1 जनवरी 2012 तक सौल्लास मनाया जा रहा है।

आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। **-स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती**

(पृष्ठ 2 का शेष)

में रहते हुए सत्ता बदलने का उदाहरण पाकिस्तान दुनिया को दे चुका है। उस समय भी सेना एवं सरकार के बीच करगिल सहित अन्य कई मामलों पर तनाव चल रहा था। शरीफ ने अमेरिका यात्रा के बाद करगिल युद्ध से जुड़ी सारी कार्रवाइयों को रोकने की घोषणा की थी। स्वयं शरीफ एवं उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे थे। उसमें मुशर्रफ को आम अवाम का समर्थन मिला। यद्यपि जरदारी एवं प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी दोनों नाटो हमले के बाद सेना की मनोभावनाओं को अभिव्यक्त कर रहे हैं, लेकिन इससे सेना संतुष्ट हो जाएगी ऐसा पूरे विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता है। कहा जा रहा है कि जनरल कयानी ने अभी तक किसी प्रकार की राजनीतिक महत्वाकांक्षा का संकेत नहीं दिया है। लेकिन ऐसा संकेत जुल्फीकार अली भुट्टो की सरकार पलटने के पूर्व न जनरल जिया उल हक ने दिया था और न परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ के खिलाफ विद्रोह के पूर्व। इसलिए सेना कब क्या करेगी नहीं कहा जा सकता। आप पूरे निश्चय के साथ न यह कह सकते हैं कि सेना वाकई जरदारी गिलानी को उखाड़ फेंकेगी और न ही यह कि सेना अपने बैरकों में सीमित रहकर राजनीतिक धारा को अपने अनुसार चलने देगी। तो कुल मिलाकर हम पाकिस्तान पर केवल नजर रख सकते हैं और होने वाली घटनाओं की प्रतीक्षा कर सकते हैं।

-ई. 30, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्प्लेक्स, दिल्ली:110092, मो. 9811027208

## जनकपुरी कार्यकर्त्ता बैठक में जोश व उत्साह



रविवार, 11 दिसम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में पश्चिमी दिल्ली मण्डल की कार्यकर्त्ता बैठक, आर्य समाज, जनकपुरी बी ब्लॉक, दिल्ली में प्रधान डॉ सुन्दर लाल कथूरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बायें से भारतभूषण धूपड़, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, डॉ अनिल आर्य, माता सुनीता सहदेव, रामकृष्ण सतीजा, रमेश योगाचार्य आदि। मंत्री श्री जगदीश गुलाटी ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।

## मयूर विहार फेज-1 पूरा सहयोग देगा



रविवार, 4 दिसम्बर 2011, आर्य समाज, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली में सम्बोधित करते डॉ. अनिल आर्य साथ में मंत्री श्री ओमप्रकाश शास्त्री, समाज के प्रधान श्री महेन्द्र चौटली व श्री अमीरचन्द रखेजा ने सम्मेलन का सफल बनाने का आश्वासन दिया।

## आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री का जन्मोत्सव 1 जनवरी को

युवा वैदिक विद्वान, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री का जन्मोत्सव व वेद प्रचार के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य समारोह रविवार 1 जनवरी 2012 को प्रातः 8.30 से 1.00 बजे तक एम.सी.डी. कम्युनिटी हॉल, एफ-ब्लॉक, विकासपुरी, दिल्ली में यज्ञ व भक्ति सत्संग का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी आर्य जन हजारों की संख्या में पहुंचे। **-डॉ. सुन्दर लाल कथूरिया, संयोजक**

## आर्य समाज अरुण विहार नोएडा चलो

आर्य समाज, अरूण विहार, नोएडा का वार्षिकोत्सव दिनांक 23, 24, 25 दिसम्बर 2011 का सौल्लास मनाया जा रहा है। सभी आर्यजन सपरिवार पधारें। समापन समारोह 25 दिसम्बर को प्रातः 8.00 से 1.00 बजे तक होगा

**-मेजर जनरल के. एस. भाटिया**

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में**

## स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

**दिनांक : शुक्रवार 23 दिसम्बर 2011**

**समय : प्रातः 10 बजे**

**स्थान : मुख्यमंत्री निवास, 3, मोतीलाल नेहरू पैलेस, नई दिल्ली**

**मुख्य अतिथि : श्रीमती शीला दीक्षित,**

(माननीया मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार)

**विशिष्ट अतिथि : डॉ. योगानन्द शास्त्री**

(अध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा)

**अध्यक्षता : डॉ. अशोक कुमार चौहान**

(संस्थापक अध्यक्ष, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

**कृपया प्रातः 9.45 बजे अपना स्थान ग्रहण कर लें**

**निवेदक**

| | | |
|---|---|---|
| **डॉ. अनिल आर्य** | **आनन्द चौहान** | **महेन्द्र भाई** |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | स्वागताध्यक्ष | महामंत्री |

# गाजियाबाद में परिषद् की प्रान्तीय कार्यकर्त्ता बैठक सौल्लास सम्पन्न







मंगलवार, 6 दिसम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् उत्तर प्रदेश की प्रान्तीय कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज, नया गंज, गाजियाबाद में सौल्लास सम्पन्न हुई। परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य ने जनवरी 2012 में दिल्ली में आयोजित आर्य महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष श्री आनन्द प्रकाश आर्य ने की व संचालन प्रान्तीय महामंत्री श्री प्रवीन आर्य ने किया। श्री श्रद्धानन्द शर्मा, प्रमोद चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई, सुरेश आर्य, तेजपाल सिंह आर्य, ज्ञानेन्द्र सिंह आर्य, सरोज भाटिया, राजेश्वर शास्त्री आदि ने भी अपने विचार रखे।

रविवार, 11 दिसम्बर 2011 को आर्य समाज, नया गंज का 118वां वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। डॉ. महावीर मीमासंक, स्वामी चन्द्रवेश जी, महेन्द्र सिंह आर्य, महाशय बेगराज जी के उद्बोधन हुए। प्रधान राजेश्वर शास्त्री, जगदीश चन्द्र शर्मा, तेजपाल सिंह आर्य (मंत्री) के पुरुषार्थ से समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। डॉ. अनिल आर्य उद्बोधन देते हुए।

# सोनीपत में परिषद् की प्रान्तीय कार्यकर्त्ता बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न





शनिवार, 10 दिसम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् हरियाणा की प्रान्तीय कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज, शान्ति नगर, सोनीपत में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष श्री मनोहरलाल चावला ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य ने राष्ट्र के प्रति आर्य समाज की जिम्मेदारियों के लिए सजग करते हुए दिल्ली आर्य महासम्मेलन का सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन श्री वीरेन्द्र योगाचार्य प्रान्तीय महामंत्री ने किया व प्रबन्ध श्री हरिचन्द स्नेही ने सम्भाला। बैठक को महेन्द्र भाई, राजेन्द्र बत्रा, जितेन्द्र सिंह आर्य, श्रीकृष्ण दहिया, डा. दर्शनलाल आजाद, हरिओम दलाल (एडवोकेट), हरबंसलाल अरोड़ा, वानप्रस्थी मुनि श्री वेदपाल आर्य जी, जवाहरलाल बत्रा आदि ने अपने विचार रखे।

## प्रशान्त विहार में कार्यकर्त्ता सम्मेलन सम्पन्न



मंगलवार, 6 दिसम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में उत्तर पश्चिमी क्षेत्र की विशाल कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज प्रशान्त विहार, दिल्ली में सौल्लास सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान श्री कांति प्रकाश आर्य ने की व संचालन श्री दुर्गेश आर्य ने किया। परिषद् अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य, डॉ. ओमप्रकाश मान, दुर्गा प्रसाद कालरा, सुदेश डोगरा, माता जानकी देवी नागपाल, ओमप्रकाश चुघ, धर्मपाल आर्य, महेन्द्र टांक आदि ने अपने विचार रखे।

## स्वामी अग्निवेश का वक्तव्य : आर्य समाज का दृष्टिकोण नहीं

गत् दिनांक 7 दिसम्बर 2011 को टाइम्स ऑफ इण्डिया आदि कई समाचार पत्रों में प्रकाशित स्वामी अग्निवेश के वक्तव्य को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् ने वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की नीति बताया है।

परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य ने उनके वक्तव्य का खण्डन करते हुए कहा कि आर्य समाज व केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्यकर्ता उनके विचारों से किसी प्रकार की सहमति नहीं रखते। इन्हें समस्त आर्य समाज का दृष्टिकोण न माना जाये।

**-महेन्द्र भाई, महामंत्री**

## शोक समाचार : विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्रीमती प्रतिभा शर्मा (बहिन श्री कीर्ति शर्मा) का गत दिनों निधन हो गया
2. श्री धर्मवीर कालरा (चाचा श्री नंदलाल कालरा, फरीदाबाद) का गत दिनों निधन हो गया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि।

## अशोक विहार में कार्यकर्त्ता सम्मेलन सम्पन्न



रविवार, 4 दिसम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में उत्तरी दिल्ली मण्डल की विशाल कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज, अशोक विहार-I, दिल्ली में समाज के प्रधान श्री अविनाश कपूर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन श्री ओम सपरा ने किया। बैठक को परिषद् अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य, राम कुमार सिंह, रामहेत आर्य, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, देवेन्द्र भगत, विजय भाटिया, हीरा प्रसाद शास्त्री, वीरेश आर्य आदि ने भी सम्बोधित किया।

## दिल्ली की धर्माचार्यों की बैठक सम्पन्न



शनिवार, 10 दिसम्बर 2011, आर्य पुरोहित सभा दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में आर्य समाज, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली में दिल्ली की धर्माचार्यों व पुरोहितों की विशाल बैठक सौल्लास सम्पन्न हुई। बैठक का सम्बोधित करते परिषद् अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य, बायें से आचार्य विकास तिवारी, राधेश्याम आर्य, सन्तोष शास्त्री, महामंत्री आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, प्रधान आचार्य अमरदेव शास्त्री, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, पं. मेघश्याम वेदालंकार व आचार्य भारद्वाज पाण्डेय जी। सभी धर्माचार्यो ने सर्वसम्मति से परिषद् के सम्मेलन को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9910649696, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970